28/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सिक्किम की राजधानी गंगटोक से वर्चुअल माध्यम से पूर्वोत्तर के छह क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया, जिसमें अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे जिले के दोइमुख स्थित इंडोर क्रिकेट अकादमी भी शामिल है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में साल के लगभग छह महीने बारिश होती है, और ऐसे में प्रधानमंत्री द्वारा पूर्वोत्तर में छह क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए विशेष महत्व रखता है। दोइमुख विधायक नाबाम विवेक ने डीडी न्यूज़ से बात चीत में कहा कि तेरह वर्ष और उससे कम उम्र के बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण देना और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए कोच सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का विकास करना क्रिकेट बोर्ड की प्राथमिकता है।

0000000000000000000000

केंद्रीय मंत्री बी. एल. वर्मा ने आज अरुणाचल प्रदेश के जीरो वैली में व्यापक क्षेत्रीय निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं पाई गेट सहित विभिन्न स्थलों का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत बन रहे आवासों का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने होंग स्थित उचित मूल्य की दुकान का भी जायज़ा लिया।

इस दौरान मंत्री ने केवल आंकड़ों तक सीमित न रहकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास भी किया कि "सभी के लिए आवास" और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्य सुरक्षा की योजनाएं स्थानीय परिवारों तक वास्तविक रूप से पहुंच रही हैं। उन्होंने होंग स्वास्थ्य केंद्र तथा सीरो इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क का भी दौरा किया।

0000000000000000000000

लोअर सियाङ जिले के एपेक्स कस्टमरी कोर्ट भवन का औपचारिक उद्घाटन कल लिकाबाली में अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं लिकाबाली विधायक कारदो न्यिग्योर द्वारा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि छेड़छाड़, बलात्कार और अन्य संज्ञेय अपराध जैसे गंभीर मामलों का निपटारा गांव स्तर पर नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इन्हें पुलिस और संबंधित अधिकारियों को सूचित किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ऐसे मामलों का निपटारा अधिकारियों की जानकारी के बिना किया गया और बाद में मामला अदालत में पहुंचता है, तो इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के विशेष मॉनिटर बी. के. गोयल ने हाल ही में लोअर सुबनसिरी जिले के जीरो में चयनित विभागाध्यक्षों के साथ एक रणनीतिक बैठक आयोजित की।

इस बैठक का उद्देश्य जवाबदेही और जमीनी स्तर पर मानवाधिकार संरक्षण की समीक्षा करना था। NHRC के वर्ष 2026 के “स्वस्थ वृद्धावस्था” थीम का समर्थन करते हुए उन्होंने जेरियाट्रिक वार्ड, एक चाइल्ड केयर संस्थान, एक वृद्धाश्रम तथा “वरिष्ठ नागरिकों की राष्ट्रीय नीति” के साथ स्थानीय समन्वय को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

0000000000000000000000

आज बोमडिला उपायुक्त डॉ. दिलीप कुमार की अध्यक्षता में आने वाले दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की तैयारियों के संबंध में डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित पक्षों से आग्रह किया कि वे आपात स्थितियों के दौरान प्रभावी उपयोग के लिए उपलब्ध सामग्री का विवरण जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी के साथ साझा करें। उन्होंने DUDA और BRO को जिले के भीतर संवेदनशील इमारतों और धंसने वाले क्षेत्रों की पहचान करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने पूरे जिले में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और उनके स्टॉक की स्थिति की समीक्षा की।

0000000000000000000000

सियाङ अपर बहुउद्देशीय परियोजना में समुदाय के लगातार समर्थन के तहत, समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर का दूसरा चरण आज से शुरू हुआ। पांगकांग (जोरकोंग) गांव के सात परिवारों ने प्री-फीजिबिलिटी रिपोर्ट (PFR) गतिविधियों के लिए अपनी सहमति देते हुए बोलेंग स्थित

उपायुक्त कार्यालय में अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर समारोह में उपायुक्त तायी ताग्गु ने सरकार का प्रतिनिधित्व किया।

0000000000000000000000

एक मई 2026 से प्रारंभ होने वाला जनगणना दो हज़ार सत्तिस के पहले चरण, से पूर्व तिराप जिले में स्व-गणना यानी सेल्फ-एन्यूमरेशन की प्रक्रिया तेजी पकड़ रही है। इस प्रक्रिया में कई प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लेकर उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्व-गणना सफलतापूर्वक पूर्ण करने वालों में वन एवं पर्यावरण तथा DoTCL मंत्री वांगकी लोवांग, खोंसा पूर्व विधायक वांगलाम साविन, एवं अन्य शामिल हैं। स्व-गणना करते हुए इन नेताओं ने सभी परिवारों से अपील की कि वे राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित जनगणना 2027 में सक्रिय और स्वेच्छा से भाग लें, ताकि सटीक और विश्वसनीय आंकड़ों का संकलन सुनिश्चित किया जा सके।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के ग्यारह ज़िलों वेस्ट कामेङ, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, लोअर सियाङ, ईस्ट सियाङ, लोअर दिबाङ वैली, आंजाव, लोहित, नामसाई, चाङलाङ और तिराप के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के सात बिजली गिरने और बहुत तेज़ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000

उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम, साथ ही ट्राइबल सब प्लान के तहत इनपुट वितरण, आज तवांग जिले के जांग स्थित नुरानांग कन्वेंशन हॉल में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) और कृषि विज्ञान केंद्र तवांग द्वारा किया गया।

0000000000000000000000